# उत्तर प्रदेश डेन्टल कौंसिल

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001

फोन : 0522 - 2238846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800


DCI
UTTAR PRADESH DENTAL COUNCIL

पत्रांक सं0 1509/19 दिनांक 30/7/19

सेवा में,

**डीन / प्रधानाचार्य**
समस्त डेण्टल कालेज,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः स्थायी पंजीकरण रजिस्ट्रेशन कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में समस्त डेण्टल कालेजों को निर्देशित किया जाता है है कि उ0प्र0 डेण्टल कौंसिल द्वारा स्थायी पंजीकरण रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था केवल ऑनलाइन माध्यम के द्वारा प्रारम्भ कर दी गयी है।

अतः आपको अवगत कराना है कि आप अपने कालेज के समस्त छात्र / छात्राओं के स्थायी पंजीकरण रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाइन आवेदन ही करें। समस्त छात्र / छात्राओं के हस्ताक्षर एवं नवीन फोटो प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित कर अपलोड किया जायेगा एवं इन्टर्नशिप सर्टिफिकेट प्रधानाचार्य द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर के द्वारा ही कराकर अपलोड करें, ताकि आपके कालेज के समस्त छात्र / छात्राओं का स्थायी रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन किया जा सके।

इस हेतु तत्काल प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर डिजिटल बनवाकर कार्यालय को सूचित करें।

उपरोक्त के सम्बन्ध में आपको यह भी अवगत कराना है कि किसी भी दशा में व्यक्तिगत / आफलाइन आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही व्यक्तिगत रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सकेगा। यह प्रकिया 1 सितम्बर, 2019 से प्रभावी होगी।

भवदीय,

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 डेण्टल कौंसिल